सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 266 | इंदौर, सोमवार 13 अप्रैल, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## 'पेट्रोल की कीमतों का मजा लीजिए...'

● ट्रंप के नाकाबंदी प्लान पर ईरान ने दी बड़ी वार्निंग



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** अमेरिका-ईरान के बीच युद्ध एक बार फिर बड़ा रूप ले सकता है और ये लंबा चल सकता है. दरअसल, एक महीने से ज्यादा समय तक जंग चलने के बाद बीते सप्ताह ही दोनों दो हफ्ते के सीजफायर पर सहमत हुए थे और इस दौरान पाकिस्तान में एक शांति वार्ता रखी गई थी. लेकिन ये फेल हो गई और इसके बाद US-Iran में तनाव चरम पर पहुंच गया है. जहां एक ओर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर अटैक के लिए नया प्लान बनाया है और ईरानी पोर्ट्स की नाकेबंदी का ऐलान दे दिया है, तो वहीं ईरान भी हार मानता नजर नहीं आ रहा है और तेल को लेकर बड़ी चेतावनी दे डाली है. ईरान के संसदीय संसदीय अध्यक्ष मोहम्मद बाकेर कलीबाफ ने कहा कि, 'अब आपको 4-5 डॉलर में मिलने वाले पेट्रोल की याद आएगी.'

### ट्रंप की सख्ती पर ईरान का पलटवार

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने US-Iran Talks विफल रहने के बाद एक बार फिर ईरान पर सख्त एक्शन की धमकियां दी हैं. इस पर पलटवार करते हुए ईरान के संसदीय अध्यक्ष मोहम्मद बाकेर कलीबाफ ने खुलकर अपनी राय रखी. उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर (अब X) पर एक पोस्ट शेयर कर बड़ी चेतावनी दी है. उन्होंने खासतौर पर अमेरिकी ग्राहकों पर निशाना साधते हुए लिखा, 'मौजूदा पेट्रोल की कीमतों का आनंद लीजिए. इस 'नाकाबंदी' के चलते जल्द ही आपको 4-5 डॉलर में मिलने वाले पेट्रोल की याद आएगी.'

### सैलरी-इंक्रीमेंट को लेकर नोएडा में कर्मचारियों का प्रदर्शन तीसरे दिन हुआ उग्र, गाड़ियों में की तोड़फोड़-आगजनी

**नोएडा, (एजेंसी)** नोएडा के फेज-2 इलाके में पिछले तीन दिनों से चल रहा प्राइवेट कंपनियों के कर्मचारियों का धरना प्रदर्शन सोमवार को अचानक उग्र हो गया. वेतन बढ़ाने समेत विभिन्न मांगों को लेकर बड़ी संख्या में कर्मचारी सुबह से ही सड़कों पर उतर आए. पुलिस ने भीड़ को हटाने के लिए हल्के बल का प्रयोग किया. जिसके बाद देखते ही देखते स्थिति तनावपूर्ण हो गई और प्रदर्शनकारियों ने गुस्से में आकर पुलिस के वाहनों में तोड़फोड़ शुरू कर दी. इसके अलावा कई अन्य गाड़ियों में भी आग लगा दी. मिली जानकारी के अनुसार सेक्टर-84 क्षेत्र में कम से कम दो वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया. वहीं फेज-2 के अलग-अलग इलाकों में कर्मचारियों ने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन तेज कर दिया है.



दीदी की "आशा"

## ढल गया दिन ..हो गई शाम

**Its Life Inspiring Journey...**

ॐ शांति ॐ हरि शरणम्

### ● दीदी की `आशा` :

बचपन में वह अपनी माँ को डराने के लिए अजीब तरह के गाने गाती थीं, जिसे उनकी माँ भूतिया आवाज समझकर डांटती थीं।

### ● दीदी की `आशा` :

वह बहुत ही ऑब्जर्वेंट रही। वह फिल्मों में अभिनेत्रियों की बॉडी लैंग्वेज और आवाज को नोट करती थीं और फिर वैसी ही आवाज निकालकर गाना रिकॉर्ड करती थीं।

### ● दीदी की `आशा` :

यह एक अनजाना तथ्य है कि उन्हें फिल्म 'साज' (Saaz) में गाए गए गानों के लिए सबसे बड़ा सम्मान मिला था, लेकिन वे गाने कभी स्क्रीन पर किसी अभिनेत्री पर फिल्माए ही नहीं गए।

### ● दीदी की `आशा` :

वह पहली भारतीय गायिका थीं जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय कलाकारों (जैसे क्रोनोस क्वार्टेट,



बॉय जॉर्ज) के साथ काम किया और पॉप/फ्यूजन म्यूजिक को भारतीय फिल्मों में लाईं।

### ● दीदी की `आशा` :

उन्हें नॉन-वेज खाना बहुत पसंद है। उनके करीबी लोग उनके हाथ के कबाब और पाया कढ़ी (Paya Curry) की बहुत तारीफ करते हैं। आशा जी को खाना बनाने का बहुत शौक था और वह एक बेहतरीन शेफ थी। उन्होंने दुबई, कुवैत और यूके जैसे कई देशों में 'Asha's' नाम से रेस्टोरेंट्स की श्रृंखला (chain) शुरू की।

आशा भोसले (आशा जी) ने बॉलीवुड में 15,000 से अधिक गाने गाए हैं और उनकी आवाज़ ने दशकों तक संगीत प्रेमियों को मंत्रमुग्ध किया है। उनके बेहतरीन गानों में से किसी 10 को चुनना कठिन है, लेकिन लोकप्रिय मांग और सदाबहार गानों की सूची में ये 10 गाने शीर्ष पर आते हैं:

**दम मारो दम (हरे रामा हरे कृष्णा)**
**इन आंखों की मस्ती (उमराव जान)**
**चुरा लिया है तुमने जो दिल को (यादों की बारात)**
**सजना है मुझे सजना के लिए (सौदागर)**
**दीवाना हुआ बादल (कश्मीर की कली)**
**ईशारों ईशारों में (कश्मीर की कली)**
**आजा आजा मैं हूं प्यार तेरा (तीसरी मंजिल)**
**पिया तू अब तो आजा (कारवां)**
**रात अकेली है (ज्वेल थीफ)**
**कह दूँ तुम्हें या चुप रहूँ (दीवार)**

**अंततः आशा भोसले का जीवन अनुशासन, साहस, और लगातार खुद को बदलने (reinvention) का एक शानदार उदाहरण है। श्रद्धासुमन समर्पयामि #पुष्प**

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 1.25 करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में अंतरित किए 1836 करोड़ रुपये**

# बेटियों और बहनों के विकास से ही होगा समग्र विकास संभव

● विभिन्न योजनाओं में वितरित किये हितलाभ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



**आष्टा, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बेटियों और बहनों के विकास के बिना समग्र विकास की कल्पना नहीं की जा सकती। स्वतंत्रता के बाद प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पहली बार नारी सशक्तिकरण का बड़ा कार्य इसी माह होने जा रहा है। अब लोकसभा और विधानसभा में बहनों को 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया जाएगा। इसके लिए संसद की विशेष तीन दिवसीय बैठक 16 अप्रैल से होने जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हमारी सरकार अब तक लाड़ली बहन योजना के माध्यम से बहनों को 55 हजार करोड़ से अधिक राशि दे चुकी है। आज आष्टा से प्रदेश की 1.25 करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में 1836 करोड़ रुपये अंतरित किये गये हैं। उन्होंने कहा कि हमारे देश में मातृ सत्ता की व्यवस्था है। अब प्रदेश में हर माह रक्षाबंधन मनाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को सीहोर जिले के आष्टा में महिला सशक्तिकरण सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने लाड़ली बहना योजना की 35 वीं किश्त की राशि 1836 करोड़ रुपये हितग्राही बहनों के खातों में सिंगल क्लिक से अंतरित किये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आष्टा की छात्राओं के लिए आज विशेष सौगात का दिन है। मुख्यमंत्री ने कन्या महाविद्यालय और कन्या विद्यालय में छात्रावास के साथ कन्या विद्यालय के भवन निर्माण की घोषणा करते हुए कहा कि राज्य सरकार बेटियों को अच्छे से अच्छी शिक्षण विधाएं प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सीहोर जिले के आष्टा में आज त्रिवेणी संगम है। आष्टा मां पार्वती नदी की उद्गम स्थली है। यहां के सांदीपनि विद्यालयों में 90 प्रतिशत बच्चे प्राइवेट स्कूल छोड़कर आए हैं। राज्य सरकार विद्यार्थियों को 4 लाख साइकिलें वितरित कर रही है। मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप और स्कूल टॉपर बच्चों को स्कूटी दी जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आष्टा में नवीन आईटीआई की स्थापना, महाविद्यालय में कन्या छात्रावास निर्माण, नाला निर्माण, जावर में शहरी सौंदर्यीकरण, जिला स्तरीय अनुसूचित बालक-बालिका छात्रावास निर्माण और आष्टा में कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का नवीन भवन निर्माण, जावर महाविद्यालय में विज्ञान संकाय शुरू करने, गुराड़िया खुर्द बैराज निर्माण, दूधी नदी पर नय बैराज, नहर निर्माण, गीता भवन बनाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आष्टा एवं जावर में नवनिर्मित सांदीपनि विद्यालय भवन का लोकार्पण किया। आष्टा का ये भवन लगभग 61 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया है। प्रथम चरण में यह भवन 15 एकड़ में बनाया गया है। इसी तरह जावर के सांदीपनि विद्यालय की लागत 39.45 करोड़ रुपये है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों को नए भवनों की सौगात मिलने पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आष्टा स्थित सांदीपनि स्कूल का लोकार्पण करने कक्षा 11वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं से आत्मीय संवाद किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए विद्यार्थियों से उनके भविष्य के लक्ष्य और करियर को लेकर चर्चा की।

# ढाबों पर अवैध रूप से शराब परोसने वालों पर प्रकरण दर्ज

● सब्जी मंडी क्षेत्र में एक साथ दबिश

चैतन्य लोक • इंदौर
chaitanyalok.page



कलेक्टर शिवम वर्मा के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी के निर्देशानुसार आबकारी विभाग इंदौर द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध सतत अभियान के तहत प्रभावी कार्रवाई की गई।

गत दिवस 11 अप्रैल 2026 को कंट्रोलर देवेश चतुर्वेदी, डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल तथा उड़नदस्ता प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी कमलेश सोलंकी एवं सी. के. साहू के नेतृत्व में आबकारी वृत्त मालवा मिल 'बी', छावनी, भोई मोहल्ला, राज मोहल्ला एवं आंतरिक-2 की संयुक्त टीम द्वारा सब्जी मंडी क्षेत्र में स्थित ढाबों पर सघन जांच अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान पिंड पंजाब ढाबा, ढाबा शाबा सहित अन्य ढाबों पर एक साथ दबिश दी गई। जांच में अवैध रूप से मदिरा पान कराए जाने के प्रकरण सामने आए, जिस पर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत कुल 4 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। पंजीकृत प्रकरणों में कुल 4.625 लीटर अवैध मदिरा जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 5 हजार रुपये आंकी गई है। आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया है कि इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। इस कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक सुनील कुमार मालवीय, श्रीमती मीना माल, श्रीमती त्रिअंबिका शर्मा एवं श्रीमती जया मुजालदे की प्रमुख भूमिका रही। साथ ही आबकारी आरक्षक ओम प्रकाश साहू, किशन रघुवंशी, उस्मान मिर्जा एवं श्रीमती अंकिता का सराहनीय योगदान रहा। आबकारी विभाग ने आमजन से अपील की है कि अवैध मदिरा के निर्माण, परिवहन एवं सेवन से संबंधित किसी भी गतिविधि की सूचना तत्काल विभाग को दें, ताकि प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

## अब मोबाइल और आधार नंबर के बिना नहीं बिकेगी फसल



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** कृषि उपज मंडी समिति इंदौर द्वारा लक्ष्मीबाई नगर मंडी प्रांगण, संयोगितागंज मंडी प्रांगण और देवी अहिल्याबाई होलकर फल एवं सब्जी मंडी प्रांगण में अपनी उपज बेचने आने वाले सभी किसानों के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। अब मंडी में प्रवेश पर्ची बनवाने के लिए मोबाइल नंबर के साथ-साथ आधार नंबर देना भी अनिवार्य कर दिया गया है। इस नियम का उद्देश्य मंडी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता लाना और किसानों की पहचान सुनिश्चित करना है।

मंडी समिति ने सभी कृषकों से यह विशेष अपील की है कि वे मंडी आते समय अपने आधार कार्ड की फोटो अपने मोबाइल फोन में सुरक्षित रखें या उसकी एक फोटोकॉपी अपने साथ अवश्य लाएं। यह दस्तावेज प्रवेश द्वार पर नियुक्त संबंधित कर्मचारी को उपलब्ध कराना होगा ताकि समय पर प्रवेश पर्ची जारी की जा सके और किसानों को लंबी कतारों या असुविधा का सामना न करना पड़े।

मंडी सचिव ने जानकारी दी है कि इंदौर के तीनों मंडी प्रांगणों में अब ई-मंडी प्रणाली पूरी तरह से लागू हो गई है। इस आधुनिक व्यवस्था के तहत किसान गूगल प्ले स्टोर से ई-मंडी ऐप को अपने मोबाइल में निःशुल्क डाउनलोड कर सकते हैं। इस ऐप की सहायता से किसान अपनी कृषि उपज से लदे वाहन की प्रवेश पर्ची स्वयं भी जेनरेट कर सकते हैं, जिससे उन्हें गेट की खिड़कियों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसान मोबाइल नंबर और आधार कार्ड की जानकारी साझा करने के बाद ही अपनी प्रवेश पर्ची प्राप्त कर सकेंगे। यदि कोई किसान ये जानकारी उपलब्ध नहीं कराता है, तो उसकी प्रवेश पर्ची जारी नहीं की जाएगी। प्रवेश पर्ची के अभाव में कृषि उपज की नीलामी प्रक्रिया में भाग लेना संभव नहीं होगा, इसलिए किसानों से सहयोग की अपेक्षा की गई है।

# मंत्री सिलावट ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन-लोकार्पण

### 20 हजार से अधिक रहवासियों को मिलेगा लाभ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने रविवार सांवेर विधानसभा क्षेत्र के नगरीय वार्ड क्रमांक-36 में लगभग ढाई करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। इन कार्यों से क्षेत्र के 20 हजार से अधिक रहवासियों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

मंत्री श्री सिलावट ने बताया कि वार्ड-36 में विभिन्न स्थानों पर निर्मित 6 नए गार्डनों का लोकार्पण किया गया है। इन गार्डनों में नागरिक सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए पाथवे, गजीबो, फव्वारा, फाउंटेन तालाब, आकर्षक लाइटिंग की व्यवस्था की गई है। साथ ही वृद्धजन, युवाओं एवं बच्चों के लिए झूले, चकरी और जिम उपकरण भी लगाए गए हैं।



योगाभ्यास के लिए पृथक स्थान विकसित किया गया है, जहां एक साथ 50 से अधिक लोग योग कर सकते हैं। इसके साथ ही वार्ड-36 के तिरूमला ग्रीन्स, तिरूमला एवं धनलक्ष्मी सेक्टरों में पेयजल आपूर्ति सुदृढ़ करने के लिए नई पेयजल पाइपलाइन बिछाने हेतु भूमिपूजन किया गया। इस योजना के पूर्ण होने पर क्षेत्र के हजारों परिवारों को नियमित एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि वार्ड-36 आदर्श वार्ड की श्रेणी में आता है।

उन्होंने बताया कि विधायक एवं मंत्री बनने के बाद से अब तक इस वार्ड में लगभग 100 करोड़ रुपये के विकास कार्य किए जा चुके हैं तथा करीब 20 करोड़ रुपये के अतिरिक्त कार्यों के टेंडर जारी हो चुके हैं, जिन पर शीघ्र ही कार्य प्रारंभ होगा। उन्होंने कहा कि इस वार्ड में बिजली, पानी, सड़क, ड्रेनेज, नाली, स्वास्थ्य, शिक्षा, तालाब, गार्डन जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं तथा संजीवनी क्लीनिक भी संचालित है। कार्यक्रम में बब्लू शर्मा, जलकार्य प्रभारी सुरेश कुलवाडे, पार्षद राकेश सोलंकी, मंत्री प्रतिनिधि पप्पू शर्मा, यशवंत शर्मा, महेश मंत्री, श्रीमती वंदना शर्मा, पूर्व सरपंच विक्रम सिंह, पेयजल प्रभारी पंकज दहायत सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

### राजवाड़ा पर उमड़ा नीला सैलाब

## पहली बार निकली भव्य भीम-ज्योति क्रांति यात्रा, हजारों अनुयायी शामिल हुए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** संविधान निर्माता डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की 135वीं जयंती के उपलक्ष्य में शहर में पहली बार ऐतिहासिक भीम-ज्योति क्रांति यात्रा निकाली गई। भारतीय बौद्ध महासभा और समता सैनिक दल के नेतृत्व में निकली यह यात्रा बड़ा गणपति से शुरू होकर राजवाड़ा चौक पर समाप्त हुई, जिसमें श्वेत वस्त्र धारण किए हजारों अनुयायी शामिल हुए।



**झांकियों और भजनों से गूंजा शहर** – यात्रा में शहर के अलग अलग वार्डों से करीब एक दर्जन आकर्षक झांकियां शामिल रहीं, जो बाबासाहेब के जीवन संघर्ष को दर्शा रही थीं। 15 डीजे और बैंड-बाजों पर बजते बुद्ध-भीम गीतों ने माहौल को उत्साह से भर दिया। यात्रा में रथों पर सवार बौद्ध भिक्खुओं का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया।

**अनुशासन और सुरक्षा की मिसाल** – समता सैनिक दल के सैकड़ों वर्दीधारी युवक-युवतियों ने पूरी यात्रा के दौरान यातायात और सुरक्षा की कमान संभाली। जिला अध्यक्ष शुभम रायपुरे के अनुसार, सामाजिक एकजुटता के लिए यह अभूतपूर्व आयोजन किया गया। यात्रा में राष्ट्रीय अध्यक्ष एड. भीमराव आंबेडकर सहित कई दिग्गज सामाजिक नेता मौजूद रहे। शाम को शुरू हुई यह यात्रा राजवाड़ा पहुँचकर एक विशाल सभा में बदल गई।

## गेहूं उपार्जन में तेजी 342 किसानों को 3.28 करोड़ का भुगतान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य 10 अप्रैल से जिले के सभी खरीदी केंद्रों पर सुचारु रूप से जारी है और किसानों में अपनी उपज बेचने को लेकर अच्छा उत्साह देखा जा रहा है। अब तक जिले में 531 किसानों से गेहूं की खरीदी की जा चुकी है, जिसमें से 450 से अधिक किसानों को 9 एवं 10 अप्रैल को की गई खरीदी का कुल 3 करोड़ 28 लाख रुपये का भुगतान भी किया जा चुका है। कलेक्टर शिवम वर्मा के विशेष निर्देशों के चलते इस वर्ष उपार्जन प्रक्रिया को और अधिक सरल एवं त्वरित बनाया गया है। जिला आपूर्ति नियंत्रक श्री एम.एल. मारू ने बताया कि खरीदी के तुरंत बाद ही किसानों का बिल तैयार किया जा रहा है तथा उसी समय हैंडलिंग चालान और स्वीकृति पत्रक भी बनाए जा रहे हैं, जिससे भुगतान प्रक्रिया में तेजी आई है और किसानों को समय पर राशि प्राप्त हो रही है।

## आबकारी विभाग ने अवैध शराब का परिवहन करते बदमाशों को पकड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी के निर्देशानुसार आबकारी विभाग इंदौर द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई कंट्रोलर देवेश चतुर्वेदी, डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल तथा सहायक जिला आबकारी अधिकारी एवं उड़ान दस्ता प्रभारी कमलेश सोलंकी के नेतृत्व में संपन्न हुई। कार्रवाई के दौरान वृत्त बालदा कॉलोनी, बाम्बे बाजार क्षेत्र में उप निरीक्षक सुश्री मीरा सिंह द्वारा शहरी क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर गश्त कर अवैध मदिरा के विरुद्ध सघन अभियान चलाया गया। मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर बड़ी ग्वालटोली, महू नाका एवं केसरबाग ब्रिज के नीचे घेराबंदी कर संदिग्ध वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान एक दुपहिया वाहन (क्रमांक एमपी09एवी2126) को रोककर तलाशी ली गई।

बसों पर सख्ती

# ड्रोन से की जा रही निगरानी, नियम तोड़ने पर होगी कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** ट्रैफिक व्यवस्था को ओर बेहतर करने और पूर्वी क्षेत्र के चौराहों पर जाम की स्थिति ना बने इसे देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने इंटरस्टेट/स्लिपर बसों को लेकर डायवर्शन किया है। इस डायवर्शन को लेकर रविवार को पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे और ड्रोन कैमरे से चौराहे का मौका मुआयना किया और कार्रवाई की चेतावनी भी दी। डीसीपी राजेश कुमार त्रिपाठी सहित पुलिस के कई अधिकारी रविवार दोपहर को शहर के स्टार चौराहे पहुंचे। यहां इंटरस्टेट और स्लिपर बसों के डायवर्शन और ट्रैफिक व्यवस्था को देखा। पुलिस अधिकारियों ने ड्रोन कैमरे से इलाके में ट्रैफिक और निर्धारित डायवर्शन पाइंट्स



का प्रभावी सर्विलांस किया। ड्रोन माइक सिस्टम से बस चालकों और वाहन चालकों को ट्रैफिक व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई चेतावनी भी दी, ताकि ट्रैफिक बाधित ना हो और लोगों को गाड़ी चलाने में परेशानी ना उठाना पड़े। स्टार चौराहे पर व्यवस्था देखने के बाद सभी अधिकारी रेडिसन चौराहे पर पहुंचे जहां नो एंट्री पाइंट्स और चौराहों की अन्य व्यवस्थाओं को देखा। बता दे कि रिंग रोड पर बढ़ते ट्रैफिक के दबाव को देखते हुए इंटरस्टेट/स्लिपर बसों के आवाजाही रिंग रोड से डायवर्ट कर परिवर्तित रास्ते पर कर दी है। इसे लेकर नई व्यवस्था भी लागू कर दी गई है।

# क्लब में बिना एंट्री घुसने पर विवाद



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** शालीमार टाउनशिप स्थित स्ट्राइगर क्लब में मैनेजर और स्टाफ से मारपीट का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सामने के बाद लसूड़िया थाना पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों सहित अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। मैनेजर देवेंद्र पटेल ने शिकायत में बताया कि क्लब में सिंगल एंट्री 2000 और कपल एंट्री 3000 रुपए है। 10 तारीख की रात यश जैन क्लब पहुंचा और कवर चार्ज देने से मना कर विवाद करने लगा। आरोपी ने बिना भुगतान किए जबरन क्लब में प्रवेश किया और वहां विवाद कर चला गया। स्टाफ ने उसे समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं माना। शनिवार शाम यश जैन अपने साथियों के साथ फिर क्लब पहुंचा। उसने मैनेजर को बाहर बुलाकर धमकी दी कि वह कभी भी एंट्री चार्ज नहीं देगा। मैनेजर के बाहर आने पर आरोपी ने उनका कॉलर पकड़ लिया। इसके बाद उसके साथियों ने मिलकर मारपीट की। पुलिस ने देवेंद्र पटेल की शिकायत पर यश जैन, किशोर सिंह सिकरवार और अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पुराने पुलिस कंट्रोल रूम परिसर में आग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** रीगल स्थित रानी सराय परिसर में रविवार सुबह आग लगने से हड़कंप मच गया। लोगों ने बिजली के तारों से निकली चिंगारी के कारण झाड़ियों में आग लगते देख फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची दमकल टीम ने समय रहते आग पर काबू पा लिया। छोटी ग्वालटोली थाने के पास स्थित पुलिस कंट्रोल रूम परिसर में अचानक झाड़ियों में आग भड़क उठी। बताया जा रहा है कि ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी के चलते केबल और आसपास की सूखी झाड़ियों ने आग पकड़ ली। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझा दी गई। बताया गया है कि थाना परिसर में काफी मात्रा में कबाड़ भी पड़ा हुआ है। यदि आग फैलती तो बड़ा हादसा हो सकता था। फिलहाल दमकल विभाग के अनुसार स्थिति नियंत्रण में है।



# ई-रिक्शा के रजिस्ट्रेशन के लिए 15 अप्रैल आखिरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर ट्रैफिक पुलिस ने ई-रिक्शाओं के रजिस्ट्रेशन के लिए 15 अप्रैल तक का समय दिया है। 15 अप्रैल के बाद ट्रैफिक पुलिस इन ई-रिक्शा पर कार्रवाई करेंगी जिनके रजिस्ट्रेशन नहीं हुए होंगे। ट्रैफिक पुलिस ने ई-रिक्शाओं को कलर के हिसाब से चार जोनों में बांट**



**दिया है। इन चार जोनों में जोन के हिसाब से तय किए रंग की ही ई-रिक्शा चलेगी।**

इसके लिए कुछ दिनों पहले ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों ने ई-रिक्शा संचालकों और एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ मीटिंग भी की थी। जिसमें ये सभी बातें तय की गई थी। डीसीपी राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि ई-रिक्शा का संचालन अब जोनवार किया जाना है, इसके लिए सभी ई-रिक्शा के रजिस्ट्रेशन कराए जा रहे है। ई-रिक्शा संचालकों को 15 अप्रैल तक का समय दिया गया है। अगर वे रजिस्ट्रेशन नहीं करवाते हैं तो ट्रैफिक पुलिस ऐसे ई-रिक्शा पर कार्रवाई करेगी। पुलिस चालानी कार्रवाई के साथ जब्ती की भी कार्रवाई की जाएगी। ये रजिस्ट्रेशन प्रोसेस पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर की जा रही है। अब तक करीब साढ़े 5 हजार सभी जोनों को मिलाकर रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। अभी भी करीब 3 हजार से ज्यादा रजिस्ट्रेशन होना बाकी हैं।

# युवक की सिर कुचल कर हत्या शराब पीने के दौरान विवाद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शराब पीने के दौरान आरोपियों ने एक युवक की हत्या कर दी। युवक के घायल होने की सूचना पुलिस को मिली थी। पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया, लेकिन कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई।**

हत्या की यह वारदात शनिवार को केट रोड क्षेत्र में हुई। कुंदन नगर शराब दुकान के पास मैदान में लहूलुहान हालत में पड़े युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। फिलहाल पुलिस उसकी शिनाख्त नहीं कर पाई है। हुलिए से वह मजदूर प्रतीत होता है। उसके सिर पर पत्थर से चोट के निशान पाए गए हैं। पुलिस के अनुसार, मैदान में युवक कुछ अन्य लोगों के साथ बैठकर शराब पी रहा था। इसी दौरान आपसी विवाद हुआ और कुछ युवकों ने उस पर पत्थरों से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। फिलहाल आरोपियों का कोई सुराग नहीं मिला है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और आरोपियों की तलाश में जुटी है। घटना के बाद आरोपी फरार हो गए। पुलिस मृतक की पहचान और उसके परिवार की जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही है, ताकि परिजनों को सूचना दी जा सके। शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है।

एमपी से था आशा भोसले का गहरा रिश्ता...

# इंदौर की नमकीन और सीहोर का शरबती गेहूं था बेहद पंसद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** ख्यात गायिका आशा भोसले का रविवार को मुंबई में निधन हो गया। अपनी बड़ी बहन लता की तरह उनकी जन्मस्थली तो इंदौर नहीं रही, लेकिन उनके बचपन की यादें इंदौर से जुड़ी थीं। उनका बचपन छावनी के मुराई मोहल्ला में गुजरा। वे अक्सर इंदौर आती रहती थीं। मंगेशकर परिवार के रिश्तेदार इंदौर में रहते थे। उनका कहना है कि दोनों का स्वभाव बिल्कुल विपरीत था। आशा का मजाकिया अंदाज रहता था और लता जी शांत स्वभाव की थीं। इंदौर निवासी रिश्तेदार मनोज बिनीवाले बताते हैं कि जब भी मुंबई में हम आशाजी के यहां जाते



थे तो इंदौर का नमकीन ले जाना नहीं भूलते। उन्हें सीहोर के शरबती गेहूं की रोटियां अच्छी लगती थीं। इंदौर से गेहूं की बोरियां मैं खुद कई बार पहुंचाने जाता था। आशा 17 साल पहले एक कार्यक्रम के सिलसिले में इंदौर आई थीं। तब वे सयाजी होटल में रुकी थीं। उन्होंने इंदौर निवासी रिश्तेदारों को फोन किया और घर का खाना खाने की इच्छा जताई। मनोज बताते हैं कि हम उनके लिए घर से खाना तैयार कर टिफिन में ले गए। बचपन में वे सराफा चौपाटी भी जाती थीं। वे खाने की शौकीन तो थीं, उन्हें नए-नए व्यंजन बनाना भी खूब पसंद था। आपको बता दें कि आशा के पिता दीनानाथ मंगेशकर की नाटक कंपनी थी। वह उनके साथ इंदौर आए थे और एक साल इंदौर में रुके थे। उस दौरान लता जी का जन्म इंदौर में हुआ था।

## सीएम मोहन यादव ने दी श्रद्धांजलि

सीएम यादव ने उन्हें याद करते हुए कहा कि देश की प्रख्यात गायिका आशा भोसले जी के निधन का समाचार अत्यंत हृदयविदारक है। उनका जाना संगीत जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। आशा ताई का मध्य प्रदेश से बेहद आत्मीय संबंध रहा है। राज्य सरकार ने भी उन्हें प्रतिष्ठित लता मंगेशकर सम्मान से नवाज़ा था।अपने सुरों की साधना के माध्यम से उन्होंने भारतीय संगीत को वैश्विक पहचान दिलाई। उनके मधुर गीत और अमर आवाज आने वाली पीढ़ियों के दिलों में सदैव जीवित रहेंगे। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें तथा शोकाकुल परिवार और उनके असंख्य प्रशंसकों को इस दुःख को सहने की शक्ति दें।

## प्रेरणास्पद:



अत्यंत हर्ष और गर्व के साथ सूचित करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि जसवाडी परिवार, खंडवा की बहु एवं सत्यनारायण जी निरखी परिवार, कोटा की बेटी — चर्चिका अद्वैत पालीवाल ने आज दोनों परिवार के साथ ही पालीवाल समाज का नाम रोशन करते हुए CPA (USA) की उपाधि प्राप्त की है।

इससे पूर्व में श्रीमती चर्चिका C A भी पूर्ण कर चुकी हैं और वर्तमान में EY कंपनी में कार्यरत हैं।

### CPA क्या है?

CPA का फुल फॉर्म Certified Public Accountant (प्रमाणित सार्वजनिक लेखाकार) है। यह लेखांकन (Accounting) के क्षेत्र में एक उच्च स्तरीय अंतरराष्ट्रीय पेशेवर पदनाम है, जो मुख्य रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका (USA) के मानकों पर आधारित है।

आप इसे USA का CA समझ सकते हैं।

अब चर्चिका को USA में स्थित किसी भी कंपनी की ऑडिट करने का लाइसेंस मिल सकता है।

चर्चिका संभवतः संपूर्ण पालीवाल व निरखी पोकरा पालीवाल समाज की प्रथम CPA हैं।

हम उन्हें इस शानदार उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हैं।

ऐसे बच्चे समाज का गौरव होते हैं, जो घर-परिवार और नौकरी के साथ-साथ अपने सपनों को पूरा करने का साहस और लगन रखते हैं।

# मेले से बढ़ता है मेल-मिलाप... लघु व्यावसायियों को उपलब्ध होता है बाजार

## ●सभी वर्गों को साथ लेकर विकास के सभी क्षेत्रों में कार्य कर रही प्रदेश सरकार : मुख्यमंत्री डॉ. यादव



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश सरकार सभी वर्गों को साथ लेकर विकास के सभी क्षेत्रों में कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सबका साथ- सबका विकास के सिद्धांत पर जनकल्याणकारी कार्यों की गति बढ़ाई है। मध्यप्रदेश में भी आम जनता के हित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को तात्या टोपे नगर स्थित दशहरा मैदान में महानगर मेला उत्सव समिति के भारतीय नव वर्ष के अवसर आयोजित मेले को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मेलों से जहां मेल-मिलाप बढ़ता है वहीं लघु व्यवसायियों और उपभोक्ताओं को बाजार भी उपलब्ध होता है। नागरिकों को उनकी आवश्यकता की वस्तुएं एक स्थान पर उपलब्ध हो जाती हैं और बच्चों सहित सभी को झूलों और मनोरंजन के साधनों का आनंद भी मिलता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राजधानी भोपाल में जहां शीतकाल में इस तरह के मेले आयोजित होते हैं। वहीं ग्रीष्मकाल में भी ऐसे आयोजन का विशेष महत्व है इसके लिए आयोजन समिति अभिनंदन की पात्र है। भारतीय नव वर्ष अपने साथ अनेक त्योहार लेकर आता है। यह सिर्फ ऋतु परिवर्तन का अवसर नहीं है बल्कि नए अनाज के आने और जीवन में उमंग तथा उल्लास के आगमन का भी अवसर होता है।

### श्रीअन्न और स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहन आवश्यक

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मेलों में स्वदेशी उत्पादों की बिक्री व्यवस्था भी की जानी चाहिए। इससे स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहन मिलेगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने श्रीअन्न (मोटा अनाज) के उत्पादन और उपयोग को बढ़ावा देने का आग्रह किया है। मध्यप्रदेश सरकार ने श्रीअन्न के उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिये रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना भी लागू की है।

### मध्यप्रदेश में भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण के चरण पड़े

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अयोध्या और मथुरा के साथ ही मध्यप्रदेश के चित्रकूट, ओरछा, उज्जैन और अन्य कई स्थान भगवान श्री राम और श्रीकृष्ण के जीवन से जुड़े हैं। मध्यप्रदेश में भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण ने एक लम्बा समय व्यतीत किया। ऐसे पवित्र स्थानों को तीर्थ स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। रामनवमी, श्री कृष्ण जन्माष्टमी और अन्य त्योहारों पर नागरिकों की भागीदारी के साथ आयोजन हो रहे हैं। भोपाल के लाल परेड ग्राउंड पर गीता जयंती पर जन-उत्साह देखने को मिला था। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्यमंत्री डॉ. यादव का पूर्व मंत्री श्री उमाशंकर गुप्ता और आयोजन समिति के सदस्यों ने स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया। मेले में विधायक श्री भगवानदास सबनानी, भोपाल नगर निगम के सभापति श्री किशन सूर्यवंशी, आयोजन समिति के श्री कैलाश मिश्रा, श्री सुशील वासवानी आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आकाश में उल्लास और उमंग के प्रतीक गुब्बारे छोड़े। मेले में बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

# पीएम मोदी आज 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन' को संबोधित करेंगे

## ● कलेक्टर-कमिश्नर्स को लाइव टेलीकास्ट दिखवाने की जिम्मेदारी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। 13 अप्रैल को केंद्र सरकार 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन' आयोजित करने जा रही है। विज्ञान भवन में होने वाले इस भव्य आयोजन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशभर की चुनिंदा महिला अचीवर्स से रूबरू होंगे।**

मध्य प्रदेश सरकार ने भी इस कार्यक्रम को लेकर सभी संभाग आयुक्तों और कलेक्टरों को आदेश जारी किया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश दिए हैं कि पंचायत स्तर तक महिलाओं को इस कार्यक्रम के लाइव टेलीकास्ट से जोड़ा जाए। राज्य सरकार के आदेश के मुताबिक, यह केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि एक जन-अभियान की तरह देखा जा रहा है। सभी संभाग आयुक्तों और कलेक्टरों को व्यक्तिगत रूप से मॉनिटरिंग के निर्देश दिए गए हैं। इस कार्यक्रम के लाइव प्रसारण के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, महिला पंचायत प्रतिनिधि, सेल्फ हेल्प ग्रुप और महिला अधिकारियों को अनिवार्य रूप से बुलाने को कहा गया है। गांव से लेकर जिला मुख्यालय तक सामूहिक रूप से टीवी या बड़ी स्क्रीन पर पीएम का भाषण दिखाने के निर्देश दिए गए हैं। सुबह 11 बजे से लेकर 12:30 बजे तक नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का लाइव प्रसारण किया जाएगा। दिल्ली के विज्ञान भवन में होने वाले इस सम्मेलन में सिर्फ राजनेता नहीं, बल्कि समाज के हर क्षेत्र की 'शक्ति' शामिल होगी।

# पालीवाल समाज बुरहानपुर द्वारा नवनिर्वाचित सह महामंत्री का अभिनंदन

**बुरहानपुर, एजेंसी। भूतपूर्व अध्यक्ष श्री रमणलाल जी पालीवाल के निवास स्थान पर श्री दिनकर जी पालीवाल की अध्यक्षता में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया।**











समाज के अध्यक्ष एवं नवनिर्वाचित अखिल भारतीयसह महामंत्री श्री संजय नवलराय जीपालीवाल का रमणलाल पालीवाल जी द्वारा शाल श्रीफल से स्वागत किया गया एवं श्री परमानंद जी श्री मदनलाल जी श्री दिनकर जी महेंद्र जी पालीवाल द्वारा नवनिर्वाचित सह महामंत्री का स्वागत किया गया। इस अवसर पर उपस्थित कोषाध्यक्ष देवेंद्र पालीवाल सचिव प्रेमलाल सहसचिव निलेश पालीवाल और समाजजन संजय पालीवाल सुनील पालीवाल प्रकाश सचिन रमेश एवं उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा स्वागत किया गया। नवनिर्वाचित सह महामंत्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि मैं बड़ा गौरवशाली हू कि बुरहानपुर समाज के सभी सदस्यों द्वारा दी गई शुभकामना एवं मेरे नेतृत्व में बुरहानपुर समाज द्वारा जो उपलब्धि प्राप्त की है उसके लिए मैं हृदय से आभारी हूं जिस प्रकार बुरहानपुर में आप सभी के सहयोग से उपलब्धि प्राप्त की है इसी प्रकार अखिल भारतीय समाज में समाज के उत्थान के लिए समर्पित रहूंगा। कार्यक्रम का संचालन दिलीप पालीवाल एवं पवन पालीवाल द्वारा किया गया। आभार नितिन पालीवाल सुनील पालीवाल द्वारा व्यक्त किया गया।

### उज्जैन में फर्जी 'जॉइंट सेक्रेटरी' का खेल बेनकाब

# सर्किट हाउस में रूम बुक कर भस्म आरती की कोशिश, आरोपी गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी।** उज्जैन में एक व्यक्ति ने खुद को केंद्र सरकार का संयुक्त सचिव बताकर प्रशासन को गुमराह करने का प्रयास किया। उसने सर्किट हाउस में कमरे बुक करवाए और महाकालेश्वर मंदिर की भस्म आरती के लिए विशेष व्यवस्था की मांग की। संदेह होने पर जांच की गई, जिसके बाद फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

दिल्ली निवासी इस युवक ने स्वयं को केंद्र सरकार के एविएशन मंत्रालय का संयुक्त सचिव बताया था। उसने सर्किट हाउस में दो कमरे आरक्षित करवाए और महाकालेश्वर मंदिर की प्रसिद्ध भस्म आरती में शामिल होने के लिए विशेष व्यवस्था कराने का दबाव बनाया। जानकारी के अनुसार, दिल्ली के द्वारकापुरी निवासी अतुल कुमार ने पहले मंदिर प्रशासन के अधिकारी प्रथम कौशिक को फोन कर खुद को उच्च पदस्थ अधिकारी बताया। इसके बाद उसने जिला प्रशासन के प्रोटोकॉल अधिकारी को भी



इसी तरह प्रभावित कर देवास रोड स्थित सर्किट हाउस में दो कमरे बुक करा लिए। शनिवार शाम जब अतुल कुमार अपने दोस्त और परिवार के साथ सर्किट हाउस पहुंचा, तो वहां के स्टाफ ने उससे पहचान पत्र (आईडी) मांगा। आरोपी लगातार टालमटोल करता रहा, जिससे स्टाफ को संदेह हुआ। इसके बाद संबंधित मंत्रालय से संपर्क कर जानकारी ली गई, जहां स्पष्ट हो गया कि वह किसी भी पद पर कार्यरत नहीं है। मामले की पुष्टि होते ही आरोपी को देर रात महाकाल थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया। थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने हाईकोर्ट रजिस्ट्रार के नाम से भी पत्र भेजने की बात स्वीकार की है।

## संपादकीय

### नोएडा बनेगा श्रम सुधारों की नई मिसाल

नोएडा में चल रहे श्रमिकों के आंदोलन के बीच यूपी सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कर्मचारियों को समय से दोगुना ओवरटाइम भुगतान करने का आदेश दिया है। इसके अलावा समय से सैलरी और बोनस सीधे बैंक खाते में जमा करना जरूरी कर दिया है। उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सभी औद्योगिक विकास प्राधिकरण अगले 24 घंटे के भीतर औद्योगिक संगठनों, उद्योग प्रतिनिधियों और इकाई प्रबंधन से सीधा संवाद स्थापित करें और समस्याओं का समाधान संवाद के माध्यम से प्राथमिकता पर सुनिश्चित करें। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के तहत गौतम बुद्ध नगर प्रशासन ने औद्योगिक इकाइयों के लिए कड़े नियम लागू किए हैं, जिससे यह जिला राज्य में श्रम सुधारों का एक मॉडल बन रहा है डीएम मेघारूपम ने औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों के साथ बैठकें कीं और श्रमिकों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए। नए दिशानिर्देशों के अनुसार, ओवरटाइम कार्य के लिए भुगतान को नियमित दर से दोगुना करना अनिवार्य कर दिया गया है और इसमें किसी प्रकार की कटौती की गुंजाइश नहीं होगी। अधिकारियों ने बताया कि सभी औद्योगिक प्रतिष्ठानों को श्रमिकों के लिए साप्ताहिक अवकाश सुनिश्चित करना होगा। यदि कर्मचारियों से रविवार को काम लिया जाता है, तो उन्हें दोगुनी मजदूरी देनी होगी। वित्तीय सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए उद्योगों को निर्देश दिया गया है कि वे हर महीने की 10 तारीख तक एकमुश्त वेतन का भुगतान करें और श्रमिकों को वेतन की स्लिप भी प्रदान करें। इसके अलावा, बोनस का भुगतान 30 नवंबर तक सीधे श्रमिकों के बैंक खातों में करना अनिवार्य होगा। प्रशासन ने कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा पर भी जोर दिया है। सभी फैक्टरियों को निर्देश दिया गया है कि वे यौन उत्पीड़न के मामलों के समाधान के लिए महिलाओं की अध्यक्षता में आंतरिक शिकायत समितियां बनाएं, साथ ही शिकायत पेटियां भी स्थापित करें ताकि श्रमिक बिना डर के अपनी समस्याएं रख सकें।

## सैर सपाटा

# 56 देशों में बगैर वीजा ट्रैवल कर सकते हैं इंडियन, बस पासपोर्ट लेकर पहुंच जाएं




**वीजा फ्री एंट्री**

**वीजा ऑन अराइवल**

**ई-वीजा**

### ● इन देशों में है वीजा फ्री एंट्री

इंडियन सिटीजन है और इंडिया का पासपोर्ट पास में है तो इन देशों में बगैर वीजा लिए ही एंट्री मिल जाएगी। अगर आप लास्ट टाइम पर डेस्टिनेशन डिसाइड कर ट्रैवल करना चाहते हैं तो इन देशो में ट्रिप का प्लान बना सकते हैं।

**एशिया- भूटान, कजाकिस्तान, मकाऊ (SAR चीन), मलेशिया, नेपाल**

**अफ्रीका- अंगोला, मॉरीशस, रवांडा, सेनेगल**

**कैरेबियन कंट्रीज- बाराबाडोस, ब्रिटिश वर्जिन आईलैंड्स, डोमिनिका, ग्रेनाडा, हैती, जमैका, मांन्टसैराट, सेंट विन्सेंट एंड द ग्रेनेटाइंस, त्रिनिदाद एंड टोबैगो**

**ओशिनिया- कुक आईलैंड, फिजी, किरीबाती, माइक्रोनेशिया, वनातु, नियु।**

**मिडिल ईस्ट-कतर**

### ● ई-वीजा लेकर पहुंचे ये कंट्री

कुछ देशों में इलेक्ट्रॉनिक ट्रैवल ऑथराइजेशन की मदद से पहुंचा जा सकता है। इसमे कुछ देश ऐसे होते हैं जहां पर ट्रैवल के लिए इंडियन सिटीजन को केवल एक प्री ऑनलाइन अप्रूवल लेना होता है। जो मात्र कुछ घंटों में प्रोसेस हो जाता है। इन देशों में ई-वीजा लेकर पहुंच सकते हैं-

**केन्या, सेशेल्स, सेंटकिट्स और नेवीस**

### ● वीजा ऑन अराइवल

दुनियाभर के कुछ देश ऐसे हैं जहां पर इंडियन पासपोर्ट के साथ आप पहुंचकर एयरपोर्ट या देश के बॉर्डर वीजा बनवा सकते हैं। एशिया, अफ्रीका जैसे अलग-अलग महाद्वीप के इन देशों में इंडियन वीजा ऑन अराइवल पर ट्रैवल कर सकते हैं।

**एशिया- कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मालदीव, म्यांमार, श्रीलंका, थाईलैंड, तिमोर लेस्ते (ये छोटी सी कंट्री इंडोनेशिया से अलग हुई है और इसकी राजधानी का नाम दिली है)**

**अफ्रीका- बुरुंडी, केप वरदे आईलैंड, कोमोरो आइलैंड, जिबूती, इथोपिया, मेडागास्कर, मोजैम्बिक, गिनी बिसाऊ, सिएरा लियोन, तन्जानिया, जाम्बिया, जिम्बाब्वे।**

**ओशेनिया- मार्शल आईलैंड, पालाउ आईलैंड, सामोआ, तुवालू**

**मिडिल ईस्ट- जॉर्डन**

**कैरेबिनयन कंट्री- सेंट लूसिया**

तो अगर इस साल इंटरनेशनल ट्रिप करने का प्लान है तो इन देशों में बगैर वीजा बनवाने के झंझट के आराम से ट्रैवल कर सकते हैं।

# छुट्टियों पर जाने से पहले ये 10 गलतियां भूलकर भी ना करें, बाद में होगा पछतावा

गर्मी की छुट्टियां एंज्वॉय करने का प्लान है। तो इन 10 गलतियों को भूलकर भी ना करें। नहीं तो वेकेशन से आने के बाद पछतावा भी होगा और आपका काम भी बढ़ जाएगा। अक्सर लोग समर वेकेशन पर ज्यादा दिनों की छुट्टियों का प्लान करते हैं और चले जाते हैं। इस दौरान घर खाली होता है और आपकी ये भूल घर को तहस-नहस और गंदा कर देती है। तो जब भी छुट्टियों पर जाना हो तो इन गलतियों को भूलकर भी ना करें।

**1- पूजा घर में जलता दीया या अगरबत्ती-** वेकेशन पर जाने से पहले पूजा-पाठ तो सभी करते हैं। लेकिन जब घर से निकलने लगें तो इस बात का खास ध्यान रखें कि पूजा का दीया, अगरबत्ती या कोई भी जिसमे आग वो अच्छी तरह से बुझा हो। एक छोटी सी चिंगारी भी नुकसान पहुंचा सकती है।

**2- मेन गेट की चॉबी-** जब भी घर में ताला लगाकर लंबी छुट्टियों पर जाने का प्लान है तो घर के मेन गेट की एक चाबी किसी भरोसेमंद पड़ोसी या शख्स को जरूर देकर जाएं। जिससे कभी रास्ते में चाबी खो जाए तो घर लौटकर आपको घर में एंट्री करने में दिक्कत ना हो।

**3- गैस की नॉब-** हमेशा घर से निकलने से पहले गैस की नॉब को जरूर अच्छी तरह से चेक करें। सिलेंडर या पाइप में लगे रेगुलेटर और स्विच को पूरी तरह से ऑफ करके ही घर से निकलें।



**4- आईडी प्रूफ पर्स में पहले ही रख लें-** परिवार के जितने सदस्य वेकेशन पर जा रहे हैं उन सबका फोटो आईडी पहले ही पर्स में रख लें और उसकी फोटो फोन में रख लें। कई बार बच्चों और बूढ़ों का फोटो आईडी लोग भूल जाते हैं। जिससे लंबे रास्ते या ट्रिप पर दिक्कतों का सामना करना पड़ जाता है।

**5- फ्रिज में ना छोड़ें सामान-** फ्रिज में रखा खराब होने वाला सामान जैसे दूध, फल, सब्जी, आटा वगैरह निकालकर किसी जरूरतमंद को दे कर खाली कर दें। बहुत ज्यादा दिन के लिए जा रहे तो फ्रिज को बंद रखना भी सही होगा।

**6- इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेज-** सारे इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस को बंद करके ही घर से निकलें। अगर हो सके तो बिजली का मेन कनेक्शन भी बंद कर देना चाहिए।

**7- दवाएं और डॉक्टर का प्रिसक्रिप्शन-** बच्चों की दवाओं के प्रिसक्रिप्शन की फोटो और अपनी दवाओं के साथ डॉक्टर के प्रिसक्रिप्शन की फोटो जरूर रख लें। वेकेशन पर तबियत खराब होने पर आपके पास जरूरी दवाएं होने चाहिए। वहीं कुछ दवाएं जो कभी-कभार जरूरत पड़ती हैं उन्हें डॉक्टर के प्रिसक्रिप्शन से खरीदना आसान होगा।

**8- मौसम चेक करके ही कपड़े पैक करें-** अगर किसी ऐसी जगह जा रहे जहां का मौमस अलग होगा। तो गूगल पर वेदर अपडेट लेने के बाद ही कपड़ों की पैकिंग करें।

**9- मोबाइल, चार्जर-** बैग में मोबाइल, चार्जर के साथ ही ईयरफोन और यूएसबी केबल और हो सके तो पावर बैंक जरूर पास रखें। जिससे इमरजेंसी में फोन को चार्ज किया जा सके।

**10- कूड़ा-कचरा जरूर हटा दें-** घर से बाहर वेकेशन के लिए जा रहे और घर में कोई नहीं होगा तो किचन में रखे डस्टबिन को जरूर खाली करके साफ रखें। नहीं तो घर में बदबू के साथ कीड़े भी पनपने लगेंगे। जिससे घर आने के बाद साफ-सफाई में ही ज्यादा समय बीतेगा।

## Gujrat

# गुजरात के सुरेंद्रनगर में हादसा, बेकाबू ट्रक ने सात लोगों को कुचला, राहत-बचाव कार्य जारी

**अहमदाबाद, (एजेंसी)** गुजरात के सुरेंद्रनगर जिले में सोमवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। यह सड़क हादसा तब हुआ, जब एक तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क के किनारे सात लोगों को रौंद दिया। इस सड़क हादसे में ट्रक की चपेट में आने से सातों लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि एक अन्य शख्स ने इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया।

पुलिस ने बताया कि सोमवार तड़के एक तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे चल रहे तीर्थयात्रियों के एक समूह को रौंद दिया। पुलिस ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि ट्रक चालक मौके से फरार हो गया और उसकी



तलाश जारी है।

यह दुखद घटना लकतर-विरामगाम राजमार्ग पर तड़के करीब 1:30 बजे हुई। पुलिस निरीक्षक योगेश पटेल ने बताया कि तीर्थयात्रियों का एक समूह राजकोट से बहुचराजी की ओर एक मंदिर में प्रार्थना करने के लिए पैदल जा रहा था। इसी दौरान लकतर तालुका के भास्करपाड़ा गांव के बाहरी इलाके में एक अनियंत्रित ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया।

इस हादसे में छह तीर्थयात्रियों और सड़क किनारे खड़े एक डंपर चालक की मौत हो गई। मृतकों में चार महिलाएं शामिल हैं। घायलों की संख्या अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है और उन्हें तत्काल स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## Uttarpradesh

### हापुड़ में भीषण हादसा

# धौलाना-गुलावठी मार्ग पर बरातियों से भरी बस की ट्रक से टक्कर, छह लोगों की मौत, कई घायल



**हापुड़, (एजेंसी)** हापुड़ के धौलाना क्षेत्र में रविवार देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में छह लोगों की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब बरात से लौट रही बस और ट्रक की आमने-सामने टक्कर हो गई। जबकि 13 लोग घायल हो गए। मृतक गाजियाबाद के डासना के रहने वाले थे।

डासना निवासी इकराम कुरैशी के पुत्र की बरात रात करीब डेढ़ बजे गुलावठी से लौट रही थी, तभी सामने से आ रहे ट्रक से बस की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस ट्रक के नीचे जा दबी और दोनों वाहन सड़क किनारे खाई में पलट गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही डीएम अभिषेक पांडे व एसपी ज्ञानंजय सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत और हाईड्रा मशीन की मदद से बस को ट्रक के नीचे से निकालकर उसमें फंसे लोगों को बाहर निकाला गया। इस हादसे में सोनू पुत्र जहीर, यूसुफ पुत्र बशीर, अख्तर पुत्र हमीद, यूनुस पुत्र कदीर, मुन्ना पुत्र मेहरबान और बस चालक अशोक पुत्र रतिराम की मौत हो गई। वहीं 13 लोग घायल हो गए, जिन्हें अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया। चार घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई, जबकि अन्य का उपचार जारी है।

## Uttarpradesh

# दिल्ली के बापरौला में पुलिस और बदमाशों में मुठभेड़, पैर में लगी गोली, भाऊ गैंग के शूटर गिरफ्तार

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की काउंटर इंटेलिजेंस टीम ने सोमवार को बापरौला इलाके में भाऊ गैंग के दो शूटरों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि एनकाउंटर में दोनों आरोपियों के पैर में गोली लगी है और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि बापरौला इलाके में भाऊ गैंग के दो शूटरों के होने की खुफिया जानकारी मिली थी। इसके आधार पर पुलिस टीम ने बदमाशों को पकड़ने के लिए जाल बिछाया था और मौके पर पहुंचे पर बदमाशों को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन आरोपियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी, जिसके बाद दोनों तरफ से फायरिंग हुई. जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोलियां लगने से दोनों आरोपी घायल हो गए. पुलिस ने बताया कि घायल बदमाशों की पहचान दीपक और अतुल के रूप में हुई है. आरोपियों के पास से हथियार बरामद किए गए हैं. पुलिस के अनुसार, पकड़े गए शूटरों में से अतुल की तलाश पुलिस को काफी वक्त से थी.

## Uttarpradesh

### दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे

# अचानक एक के बाद एक 6 गाड़ियां आपस में टकराईं, LPG सिलेंडर से भरा ट्रक भी भिड़ा

**सहारनपुर, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर के थाना बिहारीगढ़ क्षेत्र अंतर्गत दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे पर मोहंड रेंज में तेज रफ्तार सात वाहन आपस में टकरा गए. यह भीषण दुर्घटना अचानक ब्रेक फेल होने और अनियंत्रित स्पीड के कारण घटित हुई. मौके पर मौजूद पांच कारों के पीछे से एलपीजी सिलेंडरों से भरा ट्रक भी टकरा गया, जिससे गाड़ियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं. पुलिस और प्रशासन की टीमों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू किया और घायलों को अस्पताल पहुंचाया. यह हादसा 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री द्वारा एक्सप्रेस-वे के उद्घाटन से ठीक पहले हुआ है. दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे पर हादसा इतना जबरदस्त था कि गाड़ियां एक-दूसरे



के ऊपर चढ़ गईं. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, वाहनों की रफ्तार तेज थी और अचानक ब्रेक लगने से पीछे आ रहे वाहन संभल नहीं पाए. एलपीजी ट्रक की टक्कर के बाद दो कारें पूरी तरह पिचक गईं. मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई और क्षतिग्रस्त वाहनों के विजुअल डराने वाले थे.

## खेल

# मुंबई को हराकर तीसरे स्थान पर पहुंची आरसीबी, रदरफोर्ड के 9 छक्के पड़े फीके, 240 रन बनाकर बेंगलुरु ने जीता मैच

**मुंबई।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने मुंबई इंडियंस को 18 रन से हरा दिया। रविवार को वानखेड़े स्टेडियम पर खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी आरसीबी ने फिल सॉल्ट, रजत पाटीदार और विराट कोहली की अर्धशतकीय पारियों की मदद से 20 ओवर में चार विकेट पर 240 रन बनाए। जवाब में मुंबई की टीम निर्धारित ओवरों में पांच विकेट पर 222 रन ही बना सकी और मुकाबला हार गई। उनके लिए शेरफेन रदरफोर्ड ने 71 रनों की नाबाद पारी खेली।

इस जीत के साथ आरसीबी अंक तालिका में तीसरे पायदान पर पहुंच गई। उनके खाते में चार मैचों में तीन जीत के साथ छह अंक और + 1.148 का नेट रन रेट है। वहीं, मुंबई इंडियंस चार मैचों में तीन मुकाबले हारकर -0.772 नेट रन रेट के साछ आठवें स्थान पर पहुंच गई है। शीर्ष पर राजस्थान रॉयल्स का दबदबा है। वहीं, दूसरे स्थान पर पंजाब किंग्स है।





आरसीबी से मिले 241 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई इंडियंस की शुरुआत अच्छी रही। रयान रिकेल्टन और रोहित शर्मा की जोड़ी अच्छी लय में दिखाई दी। हालांकि, हैमस्ट्रिंग में खिंचाव होने के कारण रोहित 19 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हो गए और दोबारा बल्लेबाजी करने नहीं उतरे। रिकेल्टन ने 22 गेंदों में 3 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 37 रन बनाए। कप्तान सूर्यकुमार यादव अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रहे, और वह 22 गेंदों में 33 रन बनाकर आउट हुए। तिलक वर्मा भी बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और सिर्फ एक ही बना पाए।

हार्दिक पांड्या कुछ दमदार शॉट्स खेले और वह 22 गेंदों में 40 रन बनाकर जैकब डफी का शिकार बने। हार्दिक ने अपनी इस पारी में 6 चौके और एक छक्का लगाया। नमन धीर एक रन ही बना सके। शेरफेन रदरफोर्ड ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए महज 31 गेंदों में 71 रनों की नाबाद पारी खेली, लेकिन वह टीम को जीत नहीं दिला सके। रदरफोर्ड ने अपनी इस पारी में एक चौका और 9 छक्के लगाए। सैंटनर 8 रन बनाकर नाबाद रहे। गेंदबाजी में आरसीबी की ओर से सुयश शर्मा ने सर्वाधिक 2 विकेट चटकाए, जबकि जैकब डफी ने एक विकेट अपने नाम किया।

इससे पहले, फिल सॉल्ट और विराट कोहली की ओपनिंग जोड़ी ने आरसीबी को शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए सिर्फ 10.5 ओवर में 120 रन जोड़ दिए। सॉल्ट ने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए 36 गेंदों में 78 रन बनाए, जिसमें छह चौके और छह छक्के शामिल थे, जबकि कोहली ने संयमित अंदाज में 38 गेंदों पर 50 रन बनाकर पारी को मजबूती दी।

इस मुकाबले में विराट कोहली ने एक बड़ा मुकाम भी हासिल किया। वह मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल में 1000 रन पूरे करने वाले पहले बल्लेबाज बन गए। इसके अलावा, सॉल्ट के साथ उनकी शतकीय साझेदारी टी20 क्रिकेट में उनकी 47वीं 100+ रन की साझेदारी रही, जिससे उन्होंने क्रिस गेल और बाबर आजम (दोनों 46) को पीछे छोड़ दिया।

## सिनेमा

# आशा भोसले का राजकीय सम्मान से अंतिम संस्कार आज

### ● मुंबई के शिवाजी पार्क में शाम 4 बजे दी जाएगी मुखाग्नि; मल्टी-ऑर्गन फेल्योर से कल निधन हुआ



**मुंबई। सिंगर आशा भोसले का आज 4 बजे मुंबई के शिवाजी पार्क में अंतिम संस्कार किया जाएगा। उनका रविवार को मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में निधन हो गया था। वे 92 साल की थीं।**

आशा को कई मेडिकल समस्याएं होने के चलते शनिवार रात अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनके कई अंगों ने काम करना बंद कर दिया था। यानी मल्टी-ऑर्गन फेल्योर के कारण उनकी मौत हुई। आशा भोसले ने 82 साल के सिंगिंग करियर में 9 फिल्मफेयर समेत 100 से अधिक अवॉर्ड जीते। उन्हें देश के दूसरे सबसे बड़े नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। ऐसे में उनका अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा।

## Highlights

1. **21 illegal bunkers destroyed in Manipur after BSF constable shot dead**
2. **Delhi CM orders audit of govt-run liquor stores**
3. **Delhi Police arrest cyber fraudster near China border after 500-km chase in Arunachal**
4. **TN Cyber Crime dept arrests 6 for leaking Vijay's 'Jana Nayagan'**
5. **Jaishankar meets UAE Prez, thanks him for Indians' well-being during war**

# Govt increases duties on exports of diesel and aviation turbine fuel

**NEW DELHI, (Agency).** The government has raised duties on diesel exports from ₹21.50 to ₹55.50 a litre and on aviation turbine fuel (ATF) from ₹29.50 to ₹42 a litre, mainly targeting private refiners who were making windfall gains through exports even as they rationed their sales in the unprofitable domestic market.

The finance ministry on Saturday issued a notification in this regard saying the levies have been increased with immediate effect according to the existing circumstances that "render it necessary to take immediate action".

Amid the war in West Asia, the government initially levied export duties on diesel and ATF to ensure their availability "in sufficient quantities" domestically on March 27 at the rates of ₹21.50 per litre and ₹29.50 a litre, respectively.

The government decided to raise duties on the two fuels as their international oil prices soared, making exports highly lucrative as against domestic sales. Private fuel retailers preferred selling in overseas market because dominant public sector fuel retailers froze pump prices of automobile fuels in the country despite



incurring huge under-recoveries on petrol and diesel.

To be sure, state-run IOC, BPCL and HPCL enjoy near monopoly in domestic fuel retailing with about 90% market-share. As domestic sales is a loss-making business, private fuel retailers adopted two ways to minimize their losses, people aware of the matter said, requesting anonymity.

Some private retailers raised rates of petroleum products marginally by ₹3-5 a litre to dissuade customers from visiting their outlets when cheaper fuels are available at nearby public sector OMCs.

Other private companies started dispensing only limited quantity of fuel (particularly diesel) to every customer in a day, thus minimising their losses, Mint reported on Saturday. Most of the private refiners, however, raised exports of petroleum products for windfall gain, they added.

According to a petroleum ministry's April 2 statement, state-run oil marketing companies were losing ₹24.40 per litre revenue on the sale of petrol and ₹104.99 a litre on diesel. Per litre under-recoveries on any petroleum product is calculated vis-à-vis its benchmark rate in the international market.

Similarly, state-run OMCs initially raised rates of ATF by over 100% for both domestic and foreign airlines to check their revenue losses. On April 1, they initially raised ATF price for airlines plying on domestic routes by 114.55% from ₹96,638.14 per kilo litre to ₹207,341.22 per KL in Delhi, and for foreign carriers by 107% from $816.91 per KL in Delhi to $1,690.81 a KL (1 KL is equal to 1,000 litres).

# Tata Sons committed to build Air India into a world-class airline, Chairman Natarajan Chandrasekaran says

**NEW DELHI, (Agency).** Tata Sons Pvt. Ltd. remains committed to build Air India Ltd. into a world-class airline, Chairman Natarajan Chandrasekaran said on Friday, even as India's oldest airline navigates a "perfect storm".

"Air Indians have shown great tenacity in dealing with a perfect storm, and we must continue with the same spirit that has been demonstrated," Chandra, who is chairman of both Tata Sons and Air India, said during an employee townhall at the



airline's headquarters in Gurugram. He also met the broader leadership team of Air India and Air India Express.

"Tata Group remains committed to Air India Group. The board is fully supportive and will continue to work closely with the management team."

Chandra's comments, and the Air India townhall, comes against the backdrop of the resignation of Chief Executive Officer Campbell Wilson last week.

### पुलिस प्रीमियर लीग के तहत महिला सशक्तिकरण को मिला बढ़ावा

# महिला टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला, शीला सोलंकी की टीम ने 05 विकेट से जीता मैच

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बड़वानी, एजेंसी।** जिला पुलिस बड़वानी द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग को सुदृढ़ करने, पुलिस-जन संवाद को बढ़ावा देने एवं युवाओं व महिलाओं में खेल भावना विकसित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कप्तान श्री पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन में "पुलिस प्रीमियर लीग (PPL) 2026" का आयोजन किया जा रहा है। उक्त आयोजन "उत्साह नया – खेलें युवा 2026" थीम पर आधारित होकर विभिन्न वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए खेल के माध्यम से सामाजिक समरसता को प्रोत्साहित कर रहा है।

इसी क्रम में दिनांक 10.04.2026 को महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने हेतु इंस्पेक्टर सुनीता मंडलोई एवं सब इंस्पेक्टर शीला सोलंकी की टीमों के मध्य एक मैत्री महिला क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया, जो अत्यंत उत्साहपूर्ण एवं प्रतिस्पर्धात्मक रहा। उक्त मुकाबले में दोनों टीमों द्वारा उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया गया, जिसमें उप निरीक्षक शीला सोलंकी की टीम ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 05 विकेट से जीत दर्ज की। मैच के दौरान एनएसएस पीजी कॉलेज बड़वानी की छात्रा आरती अहिरवार द्वारा उत्कृष्ट बल्लेबाजी करते हुए 29 रन बनाए गए, जिसके लिए उन्हें "मैन ऑफ द मैच" घोषित किया गया। साथ ही पुलिस विभाग की ओर से रोशनी सिसोदिया द्वारा सिक्स मारने पर पुलिस अधीक्षक बड़वानी द्वारा 500 रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया।







आयोजन के अंतर्गत पुरुष वर्ग में भी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिसमें पहला मैच पाटी एवं वरला टीम के मध्य खेला गया, जिसमें वरला टीम विजयी रही। द्वितीय मैच कोतवाली बड़वानी एवं सेंधवा ग्रामीण टीम के मध्य खेला गया, जिसमें सेंधवा ग्रामीण टीम ने जीत दर्ज की।

आयोजन में एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस छात्राओं, गृहणियां, पुलिस विभाग की महिला अधिकारी/कर्मचारी तथा अन्य विभागों की महिला प्रतिभागियों ने सहभागिता करते हुए उत्साह, आत्मविश्वास एवं खेल प्रतिभा का परिचय दिया, जिससे आयोजन में सकारात्मक वातावरण निर्मित हुआ।

पुलिस अधीक्षक बड़वानी श्री पद्मविलोचन शुक्ल द्वारा बताया गया कि "पुलिस प्रीमियर लीग 2026" के अंतर्गत महिला सहभागिता को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे समाज के विभिन्न वर्गों की महिलाओं को मंच प्रदान कर उनकी प्रतिभा को उभारने का अवसर मिल सके। उक्त मैच का शुभारंभ जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती काजल जावला द्वारा किया गया।

मैच के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रीमती काजल जावला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री धीरज बब्बर, रक्षित निरीक्षक श्री चेतन बघेल, थाना प्रभारी सेंधवा ग्रामीण निरीक्षक श्री ओम प्रकाश चौंगड़े, थाना प्रभारी बड़वानी निरीक्षक श्री बलजीत सिंह बिसेन, थाना प्रभारी वरला निरीक्षक श्री नारायण रावल, महिला थाना प्रभारी निरीक्षक सुनीता मंडलोई, थाना प्रभारी पाटी श्री रामदास यादव, सुबेदार, दैनिक भास्कर ब्यूरो बड़वानी श्री नितेश शर्मा, मीडियाकर्मी, पुलिसकर्मी एवं बड़ी संख्या में दर्शकगण उपस्थित रहे।

## शराब पीकर करा रहे थे यात्रियों को सफर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** विजयनगर पुलिस सख्ती के मूड में नजर आई। शनिवार रात चलाए गए विशेष चेकिंग अभियान में शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई की गई। इस दौरान यात्रियों से भरी दो बसों को रोककर उनके चालकों की जांच की गई, जिनमें दोनों ड्राइवर शराब के नशे में पाए गए। अभियान के दौरान पुलिस ने कुल 12 वाहनों पर वैधानिक कार्रवाई की, जिनमें से 3 बड़े वाहन जब्त किए गए। जब्त वाहनों में दो यात्री बसें और एक आयशर वाहन शामिल हैं। कार्रवाई के तहत अमरदीप ट्रैवल्स की बस (MP13ZR3230) के चालक सीताराम सेन, गौतम ट्रैवल्स की बस (MP17P3351) के ड्राइवर नीरज कुमार शुक्ला और आयशर वाहन (MP13ZR3250) के चालक गजेंद्र कोरी के खिलाफ कार्रवाई की गई। तीनों चालकों पर शराब पीकर वाहन चलाने के मामले में मोटर व्हीकल एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। साथ ही उनके ड्राइविंग लाइसेंस निरस्तीकरण और वाहनों के रजिस्ट्रेशन रद्द करने के लिए परिवहन विभाग को रिपोर्ट भेजी जाएगी। वहीं देर रात शहर के सभी थाना क्षेत्रों में गुंडे-बदमाशों की तलाश को लेकर भी विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इसके साथ ही शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रही। देर रात तक पुलिस अधिकारी शहर में सक्रिय रहे।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक